दिन– शुक्रवार दिनांक– 05 / 06 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. भाजपा और जदयू ने बिहार विधान परिषद चुनाव के लिए उम्मीदवारों की सूची जारी की। भाजपा ने भोजपुरी फिल्म अभिनेता पवन सिंह और जदयू ने स्वास्थ्य मंत्री निशांत को बनाया उम्मीदवार।

02 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के बारह वर्ष पूरे होने पर भाजपा ने आज से राज्यव्यापी विकास, विश्वास और जनकल्याण पखवाड़े की शुरूआत की।

03. भागलपुर के विक्रमशिला सेतु पर सात जून से शुरू होगा वाहनों का परिचालन। अधिकतम दस टन भार वाले वाहनों को ही आवागमन की मिलेगी अनुमति।

04. और, मुजफ्फरपुर के एक निजी अस्पताल में अगलगी की घटना के मामले में पुलिस ने एक डॉक्टर समेत तीन कर्मियों को किया गिरफ्तार।

**अब समाचार विस्तार से.........**

————————————————————————

एनडीए के घटक दलों भाजपा और जनता दल यूनाईटेड ने बिहार विधान परिषद चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता––

––रिपोर्ट––

भाजपा ने भोजपुरी फिल्मों के अभिनेता और गायक पवन सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया है। वहीं, पार्टी ने संजय मयूख, अनिल कुमार ठाकुर और शीला पंडित को उम्मीदवार बनाया है। इधर, जदयू ने पटना से स्वास्थ्य मंत्री निशांत, मधुबनी से भारती मेहता और पश्चिम चंपारण से शिवरानी देवी प्रजापति को द्विवार्षिक चुनाव के तहत उम्मीदवार बनाया गया है। जबकि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इस्तीफे से रिक्त हुई एक सीट पर हो रहे उपचुनाव के लिए शेखपुरा से ललन प्रसाद को उम्मीदवार बनाया गया है। गौरतलब है कि विधान परिषद की नौ सीटों पर द्विवार्षिक चुनाव, जबकि एक सीट पर उपचुनाव हो रहा है। एनडीए ने आज आठ सीटों पर उम्मीदवारों की सूची जारी की है। शेष दो सीटों पर जल्द ही उम्मीदवार के नामों की घोषणा होने की संभावना है। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से आशीष रंजन।

————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के बारह वर्ष पूरे होने पर प्रदेश भाजपा की ओर से आज से राज्यव्यापी विकास, विश्वास और जनकल्याण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने बताया कि इस दौरान सरकार की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाया

जाएगा। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत सभी जिलों में मीडिया संवाद, प्रदर्शनी, योग शिविर और जनकल्याण शिविर का आयोजन होगा।

––साउंड बाइट––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

भागलपुर के विक्रमशिला सेतु पर सात जून से वाहनों का परिचालन शुरू हो जाएगा। जिलाधिकारी नवल किशोर चौधरी ने बताया कि अभी केवल एक लेन पर अधिकतम दस टन भार वाले वाहनों को ही वन–वे ट्रैफिक के तहत परिचालन की अनुमति दी गयी है। उन्होंने बताया कि बेली ब्रिज पर वाहनों के परिचालन का ट्रायल रन पूरी तरह सफल रहा।

––साउंड बाइट––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

बक्सर के इटाढ़ी रेलवे गुमटी पर नवनिर्मित रोड ओवर ब्रिज क्षतिग्रस्त हो गया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि छब्बीस करोड़ चालीस लाख रुपये की लागत से निर्मित इस आरओबी का उद्‌घाटन कुछ दिन पहले ही हुआ था। आरओबी का पाया संख्या–पांच पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। इसके बाद प्रशासन ने पुल पर आवागमन बंद कर दिया है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

मुजफ्फरपुर के एक निजी अस्पताल में अगलगी की घटना में छह लोगों की हुई मौत के मामले में पुलिस ने अस्पताल के तीन कर्मियों को गिरफ्तार किया है। सिटी एसपी मोहिबुल्लाह अंसारी ने बताया कि आईसीयू में तैनात चिकित्सक डॉक्टर पंकज कुमार, एडमिन मैनेजर राजकुमार और मेंटेनेन्स मैनेजर अजीत कुमार की गिरफ्तारी हुई है। उन्होंने बताया कि इस मामले में अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी के आवेदन पर ब्रहमपुरा थाने में शिकायत दर्ज की गयी है।

––साउंड बाइट––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि अगले दो वर्षों में पचास लाख घरों पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किये जायेंगे। आज पटना में पर्यावरण दिवस पर एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि इस संबंध में केंद्र सरकार के साथ जल्द ही एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर होंगे। उन्होंने कहा कि एक सौ पच्चीस यूनिट से अधिक सौर ऊर्जा उत्पादन की स्थिति में सरकार की ओर से उपभोक्ताओं को भुगतान किया जाएगा।

––साउंड बाइट––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

प्रदेश में आज से शारदीय खरीफ महाभियान की शुरुआत हुई। इस अवसर पर पटना में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि राज्य सरकार "खेत बचाओ अभियान" चलाकर मिट्टी की उर्वरता और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रही है। कृषि मंत्री ने अगले महीने से "किसान जन कल्याण संवाद" और "किसान डिजिटल साक्षरता अभियान" शुरू करने की भी घोषणा की।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री दिलीप कुमार जायसवाल ने गैर–मजरूआ आम श्रेणी की सभी सरकारी जमीनों तथा जमाबंदी रद्दीकरण के मामलों को रोक सूची में शामिल करने का निर्देश दिया है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भोजपुर, मधेपुरा और अरवल जिलों के राजस्व कार्यों की समीक्षा के दौरान उन्होंने सरकारी भूमि की खरीद–बिक्री रोकने के लिए इसकी सूची निबंधन विभाग को भी उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

न्यायमूर्ति मीनाक्षी मदन राय ने आज पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ ली। पटना स्थित बिहार लोकभवन में आयोजित समारोह में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत्त सैय्यद अता हसनैन ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी।

––साउंड बाइट––

न्यायमूर्ति मीनाक्षी मदन राय ने न्यायमूर्ति संगम कुमार साहू का स्थान लिया है, जो कल सेवानिवृत्त हो गए थे। न्यायमूर्ति राय इससे पहले सिक्किम उच्च न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश थीं। वे पटना हाई कोर्ट की दूसरी महिला और अड़तालीसवीं मुख्य न्यायाधीश बनी हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, मंत्री श्रवण कुमार, दिलीप कुमार जायसवाल, अशोक चौधरी और रामकृपाल यादव सहित राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्य उपस्थित थे।

———————————————————————

पूरा प्रदेश भीषण गर्मी की चपेट में है। कई स्थानों का तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस के पार चला गया है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान इकतालीस दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ कैमूर का भभुआ राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। राजधानी पटना का अधिकतम तापमान अड़तीस दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले दो से तीन दिनों के दौरान तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना है। वहीं, अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हो सकती है।

——साउंड बाइट——

———————————————————————

आज विश्व पर्यावरण दिवस है। पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने और प्रकृति के संरक्षण में सामूहिक भागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह दिवस मनाया जाता है। एक रिपोर्ट...

——रिपोर्ट——

बदलते मौसम, बढ़ता तापमान, घटते जलस्रोत और प्रदूषण की समस्या आज पूरी दुनिया के सामने गंभीर चुनौती बनकर खड़ी है। ऐसे समय में पर्यावरण संरक्षण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि हमारी आवश्यकता बन गया है। विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ राज्यभर में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। राजधानी पटना के जे. पी. गंगा पथ पर आयोजित मुख्य समारोह में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पौधारोपण कर एक लाख पेड़ लगाने के अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री चौधरी ने लोगों से अधिक से अधिक पौधारोपण कर हरियाली बढ़ाने की अपील की।

——साउंड बाइट— सम्राट चौधरी—

गयाजी में आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉ.प्रेम कुमार ने कहा कि आज का दिन हमें पर्यावरण के प्रति हमारे उत्तरदायित्व का बोध कराता है।

——साउंड बाइट— प्रेम कुमार—

इधर, जिला मुख्यालयों में भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। विभिन्न सरकारी संस्थानों में पौधारोपण किया गया। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए **'एक पेड़ माँ के नाम'** अभियान के तहत भी लोगों ने पौधे लगाए और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से निधि श्री।

---

आज संपूर्ण क्रांति दिवस है। आज ही के दिन लोक नायक जयप्रकाश नारायण ने तत्कालीन कांग्रेस सरकार के खिलाफ संपूर्ण क्रांति का नारा दिया था। इस अवसर पर मुख्य राजकीय समारोह पटना के जे.पी. गोलम्बर पर आयोजित किया गया, जहां मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, और उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी समेत राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्यों ने जे.पी. की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

---

अररिया जिले के पलासी थाना क्षेत्र में पुलिस ने छापेमारी कर एक व्यक्ति को लगभग पांच किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है।

---

शेखपुरा में पुलिस ने दो कार से भारी मात्रा में शराब के साथ पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

मुंगेर जिले के जमालपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत फरीदपुर गांव से पुलिस ने एक घर से भारी मात्रा में शराब के साथ पति–पत्नी को गिरफ्तार किया है।

---

कैमूर के प्रभारी मंत्री संजय सिंह की अध्यक्षता में आज भभुआ में संभावित बाढ़, सुखाड़ और भीषण गर्मी से निपटने को लेकर विभागवार की गयी तैयारियों और कार्ययोजना की विस्तृत समीक्षा की गई।

---

राष्ट्रव्यापी खेत बचाओ अभियान के तहत आज शिवहर और शेखपुरा जिले के अलग–अलग गांवों में किसान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

---

भारत ने अंडर–18 एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता के बालक वर्ग में पाकिस्तान को पांच–तीन से पराजित कर फाइनल में जगह बना ली है। भारत की इस जीत में गोल कीपर सावन कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सावन कुमार पटना के आर. के. राय अकादमी में हॉकी का प्रशिक्षण लेते हैं।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. भाजपा और जदयू ने बिहार विधान परिषद चुनाव के लिए उम्मीदवारों की सूची जारी की। भाजपा ने भोजपुरी फिल्म अभिनेता पवन सिंह और जदयू ने स्वास्थ्य मंत्री निशांत को बनाया उम्मीदवार।

02 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के बारह वर्ष पूरे होने पर भाजपा ने आज से राज्यव्यापी विकास, विश्वास और जनकल्याण पखवाड़े की शुरूआत की।

03. भागलपुर के विक्रमशिला सेतु पर सात जून से शुरू होगा वाहनों का परिचालन। अधिकतम दस टन भार वाले वाहनों को ही आवागमन की मिलेगी अनुमति।

04. और, मुजफ्फरपुर के एक निजी अस्पताल में अगलगी की घटना के मामले में पुलिस ने एक डॉक्टर समेत तीन कर्मियों को किया गिरफ्तार।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।